अमर उजाला 01/12/2024

विश्व एड्स दिवस पर रैली निकालकर जागरूक करते विद्यार्थी। संस्थान

एड्स को खत्म करने के लिए शिक्षा जरूरी : डॉ. रोहित

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के रेड रिबन क्लब और यूथ रेड क्रॉस ने ड्रॉप्स आफ चेंज के सहयोग से विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यूथ रेडक्रॉस और रेड रिबन क्लब के छात्र स्वयंसेवकों ने डॉ. राकेश कुमार और डॉ. सुमन के मार्गदर्शन में एड्स के बारे में जानकारी फैलाने और जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम की सहसंयोजिका डॉ. सुमन ने बताया कि विश्व एड्स दिवस प्रत्येक वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत वर्ष 1988 में हुई थी। इस वर्ष की थीम सामूहिक कार्रवाई एचआईवी प्रगति को बनाए रखना और तेज करना ने एचआईवी और एड्स के खिलाफ लड़ाई में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर बल दिया। जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि हमें एचआईवी से पीड़ित सभी लोगों को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखनी होगी। शिक्षा और जागरुकता इस समस्या का निदान है। कार्यक्रम के अंत में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और एड्स जागरूकता रैली भी निकाली गई। संवाद